नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 123/2021
Dt- 11-03-2021

आदरणीया उप मुख्यमंत्री महोदया,

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के ग्राम नरूआर के विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु दी गयी विवादित जमीन का प्रसंग।**

मधुबनी जिला के मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर प्रखंड के नरूआर ग्राम के विस्थापित परिवारों के पुनर्वास संबंधित तारांकित प्रश्न के आलोक में दिनांक 5 मार्च 2021 को आपने सदन को बताया है कि विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए जमीन दे दी गयी है।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुझे ग्रामीणों से जानकारी मिली कि पुनर्वास के लिए दी गयी जमीन अभी तक विस्थापितों के कब्जे में नहीं है और अभी भी निःसहाय लोग खुले आसमान के नीचे जीवन–यापन कर रहे हैं। ज्ञात हो कि पुनर्वास के लिए दी गयी जमीन विवादित है। अधिग्रहित जमीन के पूर्व भू–स्वामियों द्वारा दायर मामला न्यायालय में लंबित है, जिस कारण विस्थापित परिवार के पुनर्वास की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

अतः अनुरोध है कि इन विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन, मधुबनी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश देना चाहेंगी।

सादर!

भवदीय

Nitish Mishra
11.3.21

(नीतीश मिश्रा)

सेवा में,
श्रीमती रेणु देवी जी,
माननीया उप मुख्यमंत्री
सह मंत्री,
आपदा प्रबंधन विभाग,
बिहार, पटना।

NG
12/03/21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in